तापमान
अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शुक्रवार 24 अप्रैल 2026

10 बिल को गिरा कर कांग्रेस पार्टी ने किया महिलाओं का..



10 हिंदू कन्या कॉलेज में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया



## खबर संक्षेप

### कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक 29 को

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि जिला परिवेदना कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक का हुआ आयोजन 29 अप्रैल को दोपहर बाद दो बजे होगा। डीआरडीए के सभागार में होने वाली इस बैठक की अध्यक्षता जिला कष्ट निवारण समिति के चेयरमैन एवं हरियाणा के शिक्षा एवं संसदीय कार्य मंत्री महिपाल ढांडा करेंगे। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बैठक से संबंधित सभी प्रकार की तैयारी कर निश्चित समय पर पहुंचना सुनिश्चित करें।

### रंजिशन हमला करने पर तीन नामजद

**जींद।** गांव गुरूकुल खेड़ा मे रंजिशन हमला कर व्यक्ति को घायल करने पर उचाना थाना पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव गुरूकुल खेड़ा निवासी बलराज ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी गांव के ही रणधीर परिवार के साथ रंजिश चली आ रही है। उसी रंजिश के आरोपितों उस पर हमला कर घायल कर दिया। जिसमें उसे काफी चोटें आई। उचाना थाना पुलिस ने बलराज की शिकायत पर दीपक, मनदीप, रणधीर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### तेजधार हथियार से किया हमला, दो भाई घायल

**जींद।** गांव बराड़खेड़ा में कहासुनी के चलते तेजधार हथियार से हमला कर दो भाइयों को घायल करने पर जुलाना थाना पुलिस ने एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव बराड़खेड़ा निवासी कुलबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने भाई प्रवीण के घर लौट रहा था। रास्ते मे उनकी गांव के ही दीपक से कहासुनी हो गई। दीपक ने तेज हथियार से हमला कर दिया। जिसमें दोनों भाई घायल हो गए। घटना को अंजाम देकर आरोपित फरार हो गया। जुलाना थाना पुलिस ने कुलबीर की शिकायत पर दीपक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 29.12 ग्राम हेरोइन के साथ बाइक सवार काबू

**जींद।** सीआईए स्टाफ ने हांसी रोड रजबाहा पुल बाइक सवार तीन युवकों को काबू कर 29.12 ग्राम हेरोइन बरामद की है। शहर थाना पुलिस ने पकड़े गए तीनों युवकों के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि हांसी रोड रजबाहा पुल पर बाइक सवार तीन युवक नशीले पदार्थ के साथ खड़े हुए हैं और ग्राहकों का इंतजार कर रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते तीनों आरोपितों को काबू कर लिया। पुलिस ने बाइक के साथ-साथ तीनों युवकों की तलाशी ली।

### कार की टक्कर से स्कूटी सवार दंपत्ति घायल, केस

**जींद।** कोर्ट मोड़ पर तेज रफ्तार कार ने स्कूटी को टक्कर मार दी। जिसमें स्कूटी सवार दंपत्ति घायल हो गया। सिविल लाइन थान पुलिस ने शिकायत के आधार पर फरार कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मूलतः गांव बिरौली हाल डीसी कालोनी निवासी चितरेखा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह तथा उसका पति सतीश स्कूटी पर सवार होकर गोहाना रोड से घर लौट रहे थे। जब वे कोर्ट से मोड़ पर पहुंचे तो रॉग साइड से आ रही तेजरफ्तार कार ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी।

### जुलाना की अनाज मंडी में उठान व्यवस्था ठप

**जुलाना।** जुलाना कस्बे की अनाज मंडी में इन दिनों गेहूं की बंपर आवक के चलते अव्यवस्था का माहौल बन गया है। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की खरीद एजेंसी के पास वुडन कैरेट की कमी के कारण गेहूं का उठान पूरी तरह ठप हो गया है। हालात यह हैं कि मंडी में चारों तरफ गेहूं के ढेर लग गए हैं और जगह-जगह अनाज बिखरा पड़ा है।

---

### घायल पशुओं को नंदीशाला में छोड़ा, किया जा रहा उपचार

# हाउसिंग बोर्ड में गोवंशों पर फेंका तेजाब, दर्जनभर के करीब झुलसे

**पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ दर्ज किया मामला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हाउसिंग बोर्ड में गोवंशों पर तेजाब फेंकने पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने गोरक्षक की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ पशु क्रुरता समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। झुलसे गोवंश को नंदीशाला मे छोड़ा गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अपराही गोरक्षक मोहल्ला निवासी मनोज ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्हें गत 12 अप्रैल रात सूचना मिली थी कि हाउसिंग बोर्ड में कई नंदीयों तथा गायों पर तेजाब फेंका गया है। जिससे गोवंश झुलस गए हैं। जब वे गोरक्षकों के साथ हाउसिंग बोर्ड पहुंचे तो उन्हें दर्जनभर नंदी तथा गाय झुलसे मिले। जिनका उन्होंने इलाज किया और पुलिस को भी सूचना दी गई। डायल 112 भी मौके पर पहुंची। जिसके बाद पुलिस ने गोवंश को तलाशना शुरू किया। तलाश के दौरान चार नंदी तथा कुछ गाय झुलसी पाई गई। जिन पर तेजाब फेंका गया था। तीन बुरी तरह से झुलसी नंदीयों को नंदीशाला में छोड़ा गया है। मनोज की शिकायत पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ पशु क्रुरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



जींद। तेजाब फेंके गोवंश को दिखाते हुए अतुल चौहान। फोटो :हरिभूमि

#### मामले की जांच जारी

सिविल लाइन थाना की जांच अधिकारी सुमन ने बताया कि गोरक्षक ने गोवंश पर तेजाब फैंके जाने की शिकायत दी थी। फिलहाल मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### घटिया मानसिकता वाले व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग

## गोसेवकों का शहर में प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गोसेवा दल के गो सेवकों द्वारा असामाजिक तत्वों द्वारा गोवंश पर लगातार तेजाब डालने को लेकर प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर जींद की नंदीशाला में पहुंचे गऊ सेवा दल के राष्ट्रीय संयोजक अतुल चौहान ने बताया कि जींद की शिव कालोनी व बंद मार्केट के पास कोई अज्ञात व्यक्ति लगातार गोवंश पर तेजाब डाल रहा है। यह बहुत ही घिनौना कृत्य है। जिसके कारण गोभक्तों में रोष बना हुआ है। पिछले एक महीने से लगातार कोई व्यक्ति गोवंश पर तेजाब डाल रहा है। यह व्यक्ति करीब 20 से 25 गोवंश पर अभी तक तेजाब डाल चुका है। जिसकी पुलिस को शिकायत दी गई है और मामला भी दर्ज हो गया है। बावजूद इसके गोवंश पर तेजाब डालने की वारदात खत्म नही हुई है। ऐसे घटिया मानसिकता वाले व्यक्ति के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। चौहान ने बताया कि अगर जल्द से जल्द आरोपित को नहीं पकड़ा गया तो जल्द ही बड़ा प्रदर्शन ओर आंदोलन होगा।

#### कार्रवाई की मांग उठाई

हाउसिंग बोर्ड स्थित बंद मार्केट व शिव कालोनी में घूम रहे गोवंशों पर कुछ हानिकारक व ज्वलनशील पदार्थ डालने वालों के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग के लिए एडवोकेट सतीश यादव ने डीसी से मांग की है। यादव ने कहा कि काफी दिनों से एरिया के आसपास अज्ञात लोगों द्वारा सड़को पर घूम रहे गोवंशों पर ज्वलनशील पदार्थ डाले जा रहा है। जिससे कई गोवंश बुरी तरह जख्मी है और कुछ की मृत्यु हो चुकी है। कुछ जो बुरी तरह ज्वलनशील पदार्थ डालने से घायल थे, उन्हें गोशाला व नंदीशाला में शिफ्ट किया गया है। यह गोवंश के साथ अति क्रूरता है और एक अपराध है।

---





जींद। बसों की जांच करते अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

## छात्रों के लिए सुरक्षित परिवहन सुविधा मुहैया करवाना उद्देश्य

**स्कूलों बसों की जांच के लिए चलाया अभियान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला परिवहन विभाग की ओर से वीरवार को स्कूली बसों की जांच का अभियान चलाया गया। इस बार के अभियान की खास बात यह रही कि लगभग चार महीने से हर सप्ताह वीरवार को चलाए गए अभियान के दौरान पहली बार प्ले स्कूलों में बसों की जांच के लिए टीम पहुंची। टीम ने पांच किड्स प्ले स्कूलों के निरीक्षण के दौरान कोई बस स्कूल परिसर में नहीं मिली। स्कूल संचालकों ने भी टीम को लिखित में दिया कि बच्चों को आने-जाने के लिए कोई बस नहीं लगा रखी है। हालांकि उचाना क्षेत्र के निजी स्कूल में 11 बसों की जांच की गई। जिसमें सभी बस निर्धारित मानकों पर मिली। जिस कारण कोई चालान नहीं किया गया। इससे पहले तीन बार ऐसा हुआए जब जांच के दौरान सभी बसों में निर्धारित मानक पूरे मिले हैं और कोई चालान नहीं किया गया। इससे पहले 18 दिसंबर 2025, एक जनवरी और 12 फरवरी को जांच के दौरान के दौरान कोई चालान नहीं हुआ। 18 दिसंबर 2025 को टीम ने दो स्कूलों में 58 बस, एक जनवरी को सफीदों क्षेत्र में तीन स्कूलों में 26 बस और 12 फरवरी को नरवाना क्षेत्र में दो स्कूलों में 36 बसों की जांच की थी। वहीं इससे पिछले सप्ताह टीम ने पांच स्कूलों में 11 बसों की जांच की थी। इसमें से दो बसों में कैमरा, इंश्योरेंस व फायर सिलिंडरों की कमी पाए जाने छह हजार रुपये का चालान किया गया था। जिला परिवहन विभाग के इंस्पेक्टर बलजीत सिंह ने बताया कि सप्ताह शहर में पांच किड्स प्ले स्कूल और उचाना क्षेत्र में एक निजी कूल में बसों की जांच के लिए टीम गई थी।

---

## मांगों को लेकर गरजे बिजली कर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

राजौंद विद्युत प्रसारण निगम के कर्मचारी ने 17 वें दिन वीरवार को भी मांगों को लेकर रोष स्वरूप जमकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की अध्यक्षता चेयरमैन जोगिंदर ने की, जबकि मंच संचालन सब यूनिट उप प्रधान परवीन शर्मा ने किया। कर्मचारियों ने बताया कि मनोज कुमार, मुकेश कुमार, प्रवीण कुमार (लाइनमैन जगदीश जेई और सतीश जेई सहित कई बार कर्मचारियों की चार्जशीट का जवाब दो साल पहले दिया जा चुका है, लेकिन अभी तक एसई कैथल व एसई एचआर पंचकूला द्वारा कोई निर्णय नहीं लिया गया। इस कारण संबंधित कर्मचारी प्रमोशन, एसीपी सहित अन्य लाभों से वंचित हैं। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि अधिकारियों के मामलों का समाधान कर उन्हें प्रमोशन दिया जा चुका है, जबकि कर्मचारियों के मामलों में भेदभाव किया जा रहा है। लगाया।कर्मचारियों ने कहा कि सब डिवीजन राजौंद में स्टाफ की भारी कमी है, इसके बावजूद यहां के कर्मचारियों से कैथल डिवीजन में कार्य लिया जा रहा है, जबकि वेतन राजौंद कार्यालय से दिया जाता है। कुलदीप बनवाला, मुकेश कोटड़ा, प्रवीण कोटड़ा आदि मौजूद रहे।



राजौंद। रोष गेट मीटिंग में अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते बिजली कर्मचारी।

## स्वास्थ्य अधिकारियों को नोटिस जारी, मांगा स्पष्टीकरण

### मामला डिप्टी स्पीकर के पॉली क्लीनिक पर छापेमारी का

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सेक्टर आठ स्थित पालीक्लिनिक में बुधवार को विस डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिढ़ा के निरीक्षण के दौरान मिली अव्यवस्थाओं को लेकर डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने संबंधित स्वास्थ्य अधिकारियों से नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। जिसका जवाब अधिकारियों को शुक्रवार तक देना है। गौरतलब है कि डिप्टी स्पीकर के निरीक्षण के दौरान पालीक्लिनिक में कार्यरत डॉक्टर व स्टाफ सदस्य नदारद मिले थे। सफाई व्यवस्था का बुरा हाल था सीसीटीवी भी बंद पड़े थे। पंचकर्म केंद्र के चार थेरेपिस्ट की ड्यूटी नागरिक अस्पताल में लगाने की वजह से पालीक्लिनिक में पंचकर्म का काम भी 23 दिन से ठप पड़ा है। जिससे मरीज परेशान हैं। निरीक्षण के दौरान स्टाफ में आपसी खींचतान भी सामने आई। एक तरफ जहां सिविल सर्जन डा. सुमन कोहली और पीएमओ डा. रघुबीर पुनिया पंचकर्म केंद्र को पालीक्लिनिक से नागरिक अस्पताल में आयुष विंग के भवन में शिफ्ट करने की बात कह रहे हैं। इसके लिए पत्र जारी किया जा चुका है। दूसरी तरफ जिला आयुर्वेद अधिकारी डा. अमित रोहिल्ला व पंचकर्म स्पेशलिस्ट डा. संदीप सहारण पंचकर्म केंद्र को नागरिक अस्पताल में शिफ्ट करने के पक्ष में नहीं है। आपसी खींचतान के चलते ना तो पंचकर्म केंद्र नागरिक अस्पताल में शिफ्ट हो पा रहा और ना ही पालीक्लिनिक में पंचकर्म का काम चल रहा है। पंचकर्म केंद्र के चार थेरेपिस्ट की ड्यूटी नागरिक अस्पताल में लगाई हुई है। पालीक्लिनिक के निरीक्षण में मिली भारी खामियों पर डिप्टी स्पीकर ने काफी नाराजगी जताई थी और मौके पर ही सिविल सर्जन, पीएमओ सहित अन्य स्टाफ सदस्यों को फटकार लगाई थी।

#### नोटिस का जवाब मिलने के बाद कार्रवाई

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि विधानसभा डिप्टी स्पीकर के निरीक्षण के दौरान पालीक्लिनिक में काफी खामियां सामने आई थी। वहां फैली अव्यवस्था और खामियों को लेकर संबंधित स्वास्थ्य अधिकारी से नोटिस भेजकर स्पष्टीकरण मांगा गया है। उनकी तरफ से जवाब मिलने के बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी।

---



शहर में सिलेंडर की होम डिलिवरी के बाद गैस सिलेंडर लेने पहुंचे उपभोक्ता।

### शहर में एलपीजी गैस सिलेंडर की होम डिलिवरी शुरू

**उचाना।** एलपीजी गैस सिलेंडर लेने वाले शहर के उपभोक्ताओं के लिए अच्छी खबर है कि उन्हें गैस सिलेंडर लेने के लिए अब लाइन में नहीं लगना पड़ेगा। ऑनलाइन बुकिंग के बाद ओटीपी आने पर उन्हें गैस सिलेंडर शहर में मिलेगा। उचाना गैस एजेंसी द्वारा बीते कई दिनों से जो गैस सिलेंडरों की होम डिलिवरी बंद की हुई थी वो शुरू कर दी है। होम डिलिवरी शुरू होने के बाद शहर के उपभोक्ताओं को जो परेशानी गैस सिलेंडर के लिए होती थी वो दूर हो गई है। अब ओटीपी आने के बाद उन्हें शहर में ही गैस सिलेंडर की गाड़ी आने पर मिल रहा है। गैस एजेंसी कर्मचारी राकेश ने बताया कि बीते एक सप्ताह से शहर में गैस सिलेंडर की डिलिवरी शुरू कर दी है। जो भी नियम गैस सिलेंडर की बुकिंग के है वो पूरे करने के बाद ओटीपी आता है। ये ओटीपी आने के बाद साथ-साथ में गैस सिलेंडर दिए जा रहे है। उपभोक्ता मोनू, राकेश, अमित ने कहा कि कई दिनों से शहर में हो डिलिवरी शुरू होने से परेशानी कम हो गई है।

## टायर से भरे कंटेनर में लगी आग

- मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने पाया आग पर काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद में हांसी रोड स्थित बडा बीड वन के पास गुरूवार को उस समय हडकंप मच गया जब टायरों से भरे एक कंटेनर में अचानक आग लग गई। आग लगने से इलाके में हडकंप मच गया। आग की सूचना मिलते ही फायर बिग्रेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और आसपास लोगों की मदद से आग पर काबू पाया। जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक कंटेनर को भारी नुकसान पहुंच चुका था। जींद में हांसी रोड स्थित बडा बीड वन के पास गुरूवार को टायर से भरा कंटेनर गुजर रहा था। अचानक से कंटेनर में धुंआ उठने लगा। चालक कंटेनर से बाहर निकलने में कामयाब हो गया। देखते ही देखते कंटेनर में आग लग गई। आग की सूचना मिलने पर स्थानीय लोग तथा फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। जब तक आग पर काबू नही पा लिया गया तब तक बडा बीड वन के पास हडकंप की स्थिति बनी रही। प्रत्यक्षदर्शी रिषि कुमार ने बताया कि अगर जल्द ही आग पर काबू नही पाया जाता तो बडा हादसा हो सकता था। कंटेनर से आग बुझने के बाद लोगों ने भी राहत की सांस ली है।



## दूषित पेयजल के कारण वार्ड-7 के लोग परेशान

- पार्षद ने लिखित शिकायत सौंपकर समस्या के समाधान की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

वार्ड नंबर 7 में दूषित पेयजल और पानी की कमी को लेकर लोगों में भारी रोष व्याप्त है। वार्ड की पार्षद कर्मवती ने जन स्वास्थ्य विभाग को लिखित शिकायत सौंपकर समस्या के समाधान की मांग की है। पार्षद कर्मवती ने बताया कि वार्ड नंबर 7 स्थित सुरत सिंह कामरेड वाली गली में पिछले करीब 15 दिनों से पेयजल की गंभीर समस्या बनी हुई है। पानी की सप्लाई बहुत कम समय के लिए होती है और जब पानी आता भी है तो अत्यधिक गंदा, बदबूदार और मैला होता है, जो पीने और खाना बनाने के योग्य नहीं है। बताया कि दूषित पानी के कारण मोहल्ले के बच्चों और बुजुर्गों में बीमारियां और संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ गया है। पानी की गुणवत्ता इतनी खराब है कि इसका उपयोग घर के सामान्य कार्यों में भी नहीं किया जा सकता। पार्षद ने कहा कि इस समस्या को लेकर पहले भी विभाग को मौखिक रूप से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं हुआ है।

---

### वेंटिलेटर के साथ शुरुआती दौर में 8 बैड की होगी सुविधा,नौनिहालों को मिलेगा फायदा

# कैथल नागरिक अस्पताल में जल्द शुरू होगा बच्चों का आईसीयू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल जिले के नागरिक अस्पताल में बच्चों का आईसीयू अब जल्द शुरू हो जाएगा। स्वास्थ्य विभाग ने प्रिंसिपल मेडिकल ऑफिसर के कार्यालय के साथ आईसीयू बनाने का कार्य शुरू कर दिया है। आठ बेड के बनाए जाने वाले आईसीयू के लिए अस्पताल में अवश्यक उपकरण पहुंच चुके हैं। वहां आठ बेड भी आ चुके हैं, जिन्हें जल्द ही यूनिट में लगाया जाएगा। अब ज्यादा गंभीर बीमारी से पीड़ित बच्चों के अभिभावकों को अपने बच्चों का इलाज करवाने के लिए प्राइवेट अस्पतालों में नहीं जाना पड़ेगा। इसके अलावा अस्पताल के पीएमओ ने विभाग के मुख्यालय को आईसीयू में वेंटिलेटर की व्यवस्था जल्द से जल्द करवाने के लिए भी पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि बेड व अन्य उपकरण स्थापित होन के साथ ही वेंटिलेटर की व्यवस्था भी शुरू होगी, जिसकी जल्द से जल्द संभावना है। गौरतलब है कि इस आईसीयू में एक महीने से ऊपर के बच्चों को ही दाखिल किया जाएगा, जो किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित होंगे। उनको यहीं पर इलाज मिलेगा और अन्य स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेगी। इसमें विशेषकर उन बच्चों को दाखिल किया जाएगा, जिन्हें वेंटिलेशन की जरूरत होगी। सांस, गंभीर बुखार व किसी तरह की जानलेवा बीमारियों से पीड़ित होंगे। यहां छोटे बच्चों के साथ-साथ उनके अटेंडेंट के तौर पर अभिभावकों को भी रहने की सुविधा होगी। बता दें कि करीब 2 साल पहले अस्पताल में बच्चों का आईसीयू चल रहा था, लेकिन बाद में सामान की कमी और जरूरी उपकरणों के न होने के चलते इसे बंद कर दिया गया था। उसके बाद से गंभीर बीमारियों से पीड़ित बच्चों को प्राइवेट अस्पतालों में ही दाखिल करवाया जा रहा था। अब फिर से स्वास्थ्य विभाग अस्पताल में इसे शुरू करने जा रहा है।





नागरिक अस्पताल कैथल

#### तैयारी लगभग पूरी हो चुकी



जिला नागरिक अस्पताल के प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. दिनेश कंसल ने बताया कि आईसीयू को शुरू करने से संबंधित तैयारी लगभग पूरी हो चुकी हैं। बेड व अन्य उपकरण आ चुके हैं। जल्द ही इनको यूनिट में स्थापित किया जाएगा। वेंटिलेटर की सुविधा के साथ आईसीयू को शुरू कर दिया जाएगा।

### एनआईआईएलएम विवि प्रो.देवेंद्र ने संभाला वीसी का अतिरिक्त कार्यभार

**कैथल।** एनआईआईएलएम विवि कैथल में प्रशासनिक व्यवस्थाओं के सुचारू संचालन हेतु विवि के प्रो-वाइस चांसलर प्रो देवेंद्र सिंह ढुल ने कुलपति पद का अतिरिक्त कार्यभार ग्रहण कर लिया है। विवि प्रशासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार, वर्तमान कुलपति की सेवानिवृत्ति से व्यवस्था की है। प्रो-वाइस चांसलर अब विवि के शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं अनुसंधान संबंधी कार्यों की देखरेख करेंगे। कार्यभार संभालने के उपरांत प्रो-वाइस चांसलर प्रो देवेंद्र ने कहा कि वे विवि की शैक्षणिक गुणवत्ता, छात्र कल्याण और शोध गतिविधियों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सभी विभागाध्यक्षों, प्राध्यापकों एवं कर्मियो से टीम भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

## खबर संक्षेप

### विधायक ने किए माता वैष्णो देवी के दर्शन



**उचाना।** भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने परिवार सहित माता जम्मू कटड़ा पहुंच कर वैष्णो देवी के दर्शन कर देश, प्रदेश, क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। विधायक ने कहा कि जब भी समय लगता है वो धार्मिक स्थानों पर जाकर पूजा-अर्चना कर देश, प्रदेश, क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना करते है।

### सद्भाव यात्रा के 200 दिन पूरे : सुरेंद्र गर्ग

**उचाना।** कांग्रेस नेता एवं पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह के नेतृत्व निकाली जा रही सदभाव यात्रा में मार्केट कमेटी पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र गर्ग एवं कांग्रेस युवा नेता रामकुमार घोघड़िया पहुंचे। बृजेंद्र सिंह के साथ कदम से कदम मिलाकर वो यात्रा में चले। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि 5 अक्टूबर को दनौदा के चबूतरे से शुरू हुई सद्भाव यात्रा को 200 दिन हो चुके है। 3 हजार किमी. से अधिक पैदल यात्रा में बृजेंद्र चल चुके है। यात्रा को हर वर्ग का समर्थन मिला है। कहा कि यात्रा से भाईचारे की मजबूती का संदेश गांव, शहरों, सड़कों पर पैदल चलकर दिया जा रहा है।

### उपमंडल कार्यालय में लगाया समाधान शिविर

**उचाना।** एसडीएम रमित यादव की अध्यक्षता में गुरूवार को उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर कांफ्रेस हाल में लगाया गया। एसडीएम ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी जिला एवं उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं। समाधान शिविर का उद्देश्य आमजन की शिकायतों एवं समस्याओं का मौके पर समाधान करना है, ताकि लोगों को सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का बराबर लाभ मिल सके और समस्याओं के समाधान से जनसाधारण को राहत पहुंचे।

### तय समय में समस्या का हल प्रशासन की जिम्मेदारी

**जींद।** जुलाना उपमंडल में आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम होशियार सिंह ने आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके शीघ्र समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कहा कि प्रत्येक समस्या को प्राथमिकता के आधार पर ध्यानपूर्वक सुनना और तय समय सीमा के भीतर उसका निपटान करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। एसडीएम ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे लोगों की शिकायतों के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें तथा हर शिकायत का समयबद्ध और संतोषजनक समाधान सुनिश्चित करें।

### ई क्षतिपूर्ति पोर्टल पर पंजीकरण 28 तक

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने रबी की फसल में हुई आगजनी से प्रभावित किसानों के लिए हरियाणा सरकार से ई क्षतिपूर्ति पोर्टल खोलने का अनुरोध किया था। हरियाणा सरकार ने जिला के प्रभावित किसानों को राहत देने के लिए ई क्षतिपूर्ति पोर्टल पर रबी की फसलों के नुकसान का पंजीकरण के लिए 28 अप्रैल तक आवेदन आमंत्रित किया है। बताया कि फसलों के पंजीकरण के लिए किसान का परिवार पहचान पत्र अनिवार्य है। किसान द्वारा मेरी फसल, मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण करवाना अनिवार्य है।

### राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया

**नरवाना।** सनातन धर्म महिला कालेज के सभागार में आज प्राचार्या डा. अंजना लोहान की अध्यक्षता में कालेज के रेडक्रॉस प्रभारी डा. अनीता छाबड़ा के नेतृत्व में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस छात्राओं को कृमि नाशक दवा एल्बेंडाजोल दी गई। प्राचार्या डा. अंजना लोहान व रेडक्रॉस प्रभारी डा. अनीता छाबड़ा ने संयुक्त रूप से कहा कि इस दवा का कोई भी साइड इफेक्ट नहीं है। एक वर्ष की आयु से लेकर 19 वर्ष तक की आयु वाले कोई भी इस दवा को ले सकता है। दवा को हर छह मास के अंतराल में लिया जा सकता है।

### कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव ने जींद, नरवाना, उचाना मंडी का किया दौरा

# बायोमेट्रिक, सर्वर और ट्रैक्टर नंबर की शर्तों से किसान बेहाल

### खेती व किसानी के लिए भाजपा नासूर बनी : सुरजेवाला

**25 लाख एमटी गेहूं अब तक नहीं खरीदा: सुरजेवाला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। फसल खरीद का जायजा लेते रणदीप सुरजेवाला। फोटो :हरिभूमि

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि हरियाणा में खेती और किसानी के लिए भाजपा नासूर बनी हुई है। भाजपा मंडी व्यवस्था को ही निगल जाने पर तुली है। सरसों खरीदी में गड़बड़झाले व बेईमानी को लेकर विधान सभा के विशेष सत्र में एक दिन की चर्चा की जानी चाहिए। इसे लेकर सीएम नायब सैनी जिम्मेवारी लें और किसान, आढती, मजदूर को विशेष राहत पैकेज मिले । राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला गुरूवार को जींद, नरवाना तथा उचाना अनाज मंडी का दौरा कर रहे थे। सुरजेवाला ने कहा कि 24 फसलों की एमएसपी पर खरीदी का झूठ का राग बजाने वाली भाजपा हरियाणा में किसानों को गेहूं की फसल की खरीदी और भुगतान में भी रुला रही है। किसान विरोधी भाजपा की काली करतूतों और खेती विरोधी साजिशों से किसान का पीला सोना ही मुसीबतों का रोना बन गया है। किसानों की हकमारी और घोटालेबाजी में रफ्तार भरने वाला भाजपाई डबल इंजन किसानों को फसल खरीदी और उठान, भुगतान के नाम पर खून के आंसू रुला रहा है। इस दौरान किसानों की भी समस्याएं सुनी। उन्होंने कहा कि हरियाणा की मंडियों में अब तक 80 लाख मीट्रिक टन से ज्यादा गेहूं आ चुका है लेकिन केवल 55.81 लाख मीट्रिक टन की ही खरीद हो पाई है। करीब 25 लाख मीट्रिक टन गेहूं अभी भी खरीद के इंतजार में पड़ा है। खरीदे गए गेहूं में से भी केवल 26.63 लाख मीट्रिक टन का उठान हुआ है। जिससे हालात और बिगड़ गए हैं। उन्होंने कहा कि लगभग 70 प्रतिशत गेहूं यानी 53 लाख मीट्रिक टन से ज्यादा फसल अभी भी खुले आसमान के नीचे पड़ी है। मंडियों में पहुंचे 7.70 लाख किसानों में से केवल 4.62 लाख किसानों की ही फसल खरीदी गई है। जबकि तीन लाख से ज्यादा किसान अब भी अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। सुरजेवाला ने कहा कि जींद जिले की स्थिति और चिंताजनक है। यहां 8.51 लाख मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई है लेकिन केवल 6.6 लाख मीट्रिक टन की खरीद हुई। करीब 2.45 लाख मीट्रिक टन गेहूं अभी भी नहीं खरीदा गया है। वहीं उठान भी बेहद धीमा है और करीब 6.9 लाख मीट्रिक टन गेहूं खुले में पड़ा है।

#### मुआवजा नहीं मिला

सुरजेवाला ने आरोप लगाया कि सरकार द्वारा बायोमेट्रिक, सर्वर और ट्रैक्टर नंबर जैसी अनिवार्य शर्तें किसानों के लिए मुसीबत बन गई हैं। खेतों में काम करने के कारण किसानों के अंगूठे के निशान तक साफ नहीं रहते, वहीं सर्वर डाउन होने से फसल बेचने की प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। सुरजेवाला ने कहा कि आढ़तियों को मिलने वाली 2.5 प्रतिशत आढ़त को घटा कर 45.88 प्रति क्विंटल कर दिया गया है और भुगतान में भी देरी हो रही है। जिससे उनकी आर्थिक स्थिति प्रभावित हो रही है। सरकार ने समय रहते न तो गोदामों की व्यवस्था की और न ही खराब मौसम से फसल बचाने के लिए तिरपाल उपलब्ध कराए। बारिश से खराब हुई प फसल का मुआवजा भी किसानों को नहीं मिला। वहीं 72 घंटे में भुगतान का वादा भी पूरा नहीं हुआ। सुरजेवाला ने मांग की कि गेहूं और सरसों की खरीद में गड़बड़ियों को लेकर 27 अप्रैल को होने वाले विधानसभा के एक दिन के विशेष सत्र में चर्चा की जाए। किसान, आढ़ती व मजदूरों के लिए विशेष राहत पैकेज घोषित किया जाए। इस दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष रिषिपाल सिहाग, अशोक मलिक, वीरेंद्र रायचंदवाला, विरेंद्र जागलान, रघुबीर भारद्वाज, सतीश रेढू, राज कंडेला, शालू गर्ग, संदीप सांगवान आदि मौजूद रहे।

# बिल को गिराकर कांग्रेस पार्टी ने किया महिलाओं का अपमान : कविता जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



हरियाणा की पूर्व मंत्री कविता जैन ने कहा कि देश की आधी आबादी नारी शक्ति को नारी शक्ति वंदना बिल को लेकर बड़ी आस थी। बिल के पारित होने के साथ नारी शक्ति को लोकसभा तथा विधानसभा में उनका हक मिलेगा। कांग्रेस, टीएमसी, सपा व उनके सहयोगी दलों द्वारा बिल को पारित ने होने देना नारी शक्ति का अपमान है। यह भी साफ है कि बिल पास होगा और 2029 महिला शक्ति को उसका हक मिलेगा। पूर्व मंत्री कविता जैन गुरूवार को विश्राम गृह में पत्रकारों से बातचीत कर रही थी। उन्होंने कहा कि 17 अप्रैल को देश की आधी आबादी 70 करोड़ देश की महिलाओ को उत्साह था कि विपक्ष एकजुट होकर पार्टी बाजी से ऊपर उठ कर महिला शक्ति के लिए अच्छा फैसला लेगा। कांग्रेस, टीएमसी व उनके सहयोगियों ने मिल विपक्षी दलों से मिल कर बिल का पारित नही होने दिया। जब बिल गिरा तो विपक्ष ने उसका मजाक उड़ाया। उन्होंने कहा कि आंगन से लेकर आंतरिक्ष, खेल से युद्ध तक, पंचायत से लेकर संसद तक हर मोर्चे पर महिलाओं ने अपने आप को साबित किया है। 17 अप्रैल को स्वर्ण अक्षरों में लिखा जा सकता था। विपक्ष ने बहाने बना कर के झूठी बातें लोगों के बीच में रख कर के इस बिल को गिराने का काम किया है। पीएम नरेंद्र मोदी ने सोचा था कि जो परिसीमन के अंदर जो परिवर्तन होना है, जितने भी सीटें बढ़ेंगी इस विधायक को पारित करें और यह सुनिश्चित करें कि 2029 के चुनाव के अंदर महिलाओं की ज्यादा से ज्यादा भागीदारी हो।



जींद। कार्यक्रम को संबोधित करते राजेश वशिष्ठ। फोटो :हरिभूमि

### ऑनलाइन सत्र सफलतापूर्वक संपन्न

**जींद।** शिक्षा विभाग द्वारा जिले के 423 सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में विद्यार्थियों के शिक्षण स्तर को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे कक्षा तत्परता कार्यक्रम के सुचारू क्रियान्वयन हेतु वीरवार को विशेष ऑनलाइन यूट्यूब लाइव सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में जिले के सभी प्राथमिक शिक्षकों की उपस्थिति अनिवार्य रखी गई थी। राजेश वशिष्ठ ने बताया कि ऑनलाइन सत्र का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को कक्षा तत्परता कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करना और सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना था। कहा कि कार्यक्रम से हर बच्चे को अपनी अगली कक्षा के लिए तैयार करने, पिछली कक्षाओं की दक्षताओं में आई कमियों को दूर करने तथा शिक्षण प्रक्रिया को अधिक प्रभावी और रोचक बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

### विपक्ष के पास नहीं बचा कोई मुद्दा : संदीप चहल

**उचाना।** भाजपा कसूहन मंडल संयोजक संदीप चहल ने कहा कि आज विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं बचा है। कांग्रेस का अस्तित्व कांग्रेस की गलत नीतियों के चलते खत्म होने की कगार पर है। जितने भी चुनाव हो रहे है कांग्रेस एवं उसके सहयोगी दलों को करारी हार मिल रही है। अब बंगाल का चुनाव हो या किसी दूसरे राज्य का वहां पर भाजपा एवं उसके सहयोगी दलों की जीत होगी। आज कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं है। कांग्रेस आज खुद ही एकजुट नहीं है। कांग्रेस की गुटबाजी आज सबके सामने है। गेहूं के जो नए नियम बनाए गए थे उससे किसानों को किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। किसान अपनी फसल को दो से तीन मिनट में फड़ पर उतार कर घर, खेत पहुंच रहा था। उन्होंने कहा कि विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री खुद किसान परिवार है से वो खेती करते है। खेती, किसान की हर समस्या को वो जानते है।

### मांगों को लेकर डिप्टी स्पीकर को सौंपा ज्ञापन

**जींद।** अग्निशमन एवं नगर पालिका कर्मचारी संघ की हड़ताल के 16वें दिन वीरवार को कर्मचारियों ने शहर में प्रदर्शन किया और मांगों को लेकर हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान संजीव ढांडा, फायर कर्मचारी संघ के जिला प्रधान सुनील कुंडु, एचकेआरएन के प्रधान सतपाल सिंह तथा नगर पालिका सफाई कर्मचारी प्रधान सोहन लाल व बिजेंद्र ने संयुक्त तौर पर किया। पफायर कर्मचारी संघ के जिला प्रधान सुनील कुंडू ने कहा कि डयूटी के दौरान जान गंवाने वाले फायर कर्मियों को सरकार शहीद का दर्जा दे और पीड़ित परिवार को एक-एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता तथा परिवार के एक सदस्य को एक सरकारी नौकरी प्रदान करे।



जींद। समाधान शिविर में समस्याएं सुनते डीसी। फोटो :हरिभूमि



जींद। डिप्टी स्पीकर को ज्ञापन देते फायर व नगर पालिका कर्मचारी।

### जनसमस्याओं का समाधान सर्वोच्च प्राथमिकता

**जींद।** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर के दौरान आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान को लेकर निर्देश दिए। कहा कि कार्यालयों में आने वाले प्रत्येक प्रार्थी की बात गंभीरता से सुनी जाएं तथा तय समय सीमा में उसका समाधान सुनिश्चित किया जाए। कहा कि विभागाध्यक्ष जन शिकायतों को लंबित न रखें और विशेष रूप से बिजली, पानी, सड़कों तथा स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निपटान करें। वीरवार को समाधान शिविर में विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता से सुना गया। इस अवसर पर एडीसी प्रदीप कुमार, एसडीएम सत्यवान मान, सीटीएम मोनिका, जीएम रोडवेज राहुल जैन सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### स्वस्थ जीवनशैली के लिए किया प्रेरित

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के जेबीएम स्कूल में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चलाए जा रहे पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का वीरवार को समापन हो गया। विभाग की ओर से विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य तथा पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला कार्यक्रम अधिकारी सीमा रोहिल्ला ने शिरकत की। उन्होंने महिलाओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए महिलाओं और बच्चों का बेहतर पोषण बेहद जरूरी है। कहा कि संतुलित और पौष्टिक भोजन से ही कुपोषण जैसी समस्याओं पर प्रभावी ढंग से रोक लगाई जा सकती है। आंगनबाड़ी वर्करों ने आकर्षक रंगोली बना कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए।



जींद। रंगोली दिखाते आंगनबाड़ी कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि



जींद। अभिभावकों के साथ गुम हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### दो नाबालिगों को परिजनों से मिलवाया

**जींद।** गुमशुदा बच्चों की तलाश के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान आपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस चौकी दनौदा की टीम ने गुम दो नाबालिग बच्चों को शीघ्रता से तलाश कर सकुशल उनके परिजनों के सुपुर्द किया। थाना सदर नरवाना के प्रभारी उप निरीक्षक कमल सिंह ने बताया कि 22 अप्रैल को पुलिस चौकी दनौदा के ईचांर्ज सहायक उपनिरीक्षक सुरेश अपनी टीम सहित दनौदा क्षेत्र में गश्त व अपराध पड़ताल पर मौजूद थे। इसी दौरान टेलीफोन के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि गांव सैंथली निवासी राजेंद्र के दो नाबालिग पुत्र अंकित व अरमान घर से बिना बताए कहीं चले गए हैं। सूचना मिलते ही मामले की गंभीरता को देखते हुए सहायक उपनिरीक्षक सुरेश कुमार ने शिकायतकर्ता को साथ लेकर बच्चों की तलाश शुरू कर आसपास के संभावित स्थानों पर खोजबीन की गई।



उचाना। बिजली निगम कार्यालय में मांगों को लेकर धरना देते कर्मचारी।

### बिजली निगम कर्मचारियों का तबादले रद्द की मांग

**उचाना।** बिजली निगम कार्यालय में बिजली निगम कर्मचारियों द्वारा एसडीओ उचाना जोजो तनेजा सहित तीन के तबादले रद्द करने की मांग को लेकर 17वें दिन धरना जारी रखा। अध्यक्षता जोगिंद्र नरेश दुर्जनपुर ने की। सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ जिला सचिव कृष्ण खटकड़ ने अपनी टीम के साथ पहुंच कर धरने का समर्थन किया। संचालन नरेंद्र उदयपुर ने किया। बुधवार शाम को चीफ इंजीनियर हिसार राजेंद्र सभरवाल धरने पर कर्मचारियों के बीच पहुंचे। कर्मचारियों को आश्वासन दिया कि एक सप्ताह के अंदर जो कर्मचारियों की मांग है उसको पूरा किया जाएगा। वक्ताओं ने कहा कि जब तक जो तबादले हुए है वो रद्द नहीं होते धरना जारी रहेगा। आने वाले दिनों में कोई बड़ा फैसला भी धरने पर लिया जा सकता है। अपने हक की लड़ाई वो लड़ेंगे जब तक तबादले रद्द नहीं होते है। इस मौके पर कृष्ण श्योकंद, जसवंत एसए, कृष्ण एएसए, विनय एसए, बलजीत उचाना खुर्द, वीरेंद्र एएफएम, संदीप पेगां, मनोज दुर्जनपुर, महाबीर भौंगरा, मोहित खटकड़, कुलदीप बिसला, सुनील सैणी, श्रीराम शर्मा आदि मौजूद रहे।

# बिजली कर्मियों ने की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। मांगों को लेकर नारेबाजी करते बिजली निगम कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

बिजली कर्मियों ने वीरवार को सिटी एसडीओ कार्यालय के सामने धरना देकर रोष प्रदर्शन किया। बिजली कर्मियों को आरोप था कि एसडीओ कार्यालय में न रहकर बाहर रहते हैं। जिससे कर्मियों तथा आमजन को परेशानी होती है। इस दौरान बिजली कर्मियों ने एसडीओ के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कर्मियों ने कहा कि निगम के आदेशों पर कार्यकारी अभियंता ने पत्र जारी कर साफ कहा हुआ है कि आफिस में बैठे टेक्निकल कर्मियों को फिल्ड में भेजा जाए। अधिक लोड होने के कारण फिल्ड कर्मियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बावजूद इसके एसडीओ कार्यालय में टेक्रिकल कर्मी कुंडली मारे आफिस में बाबू बन कर बैठे हुए हैं। बिजली निगम के एसडीओ निगम के आदेशों की अवेहलना कर रहे हैं। मनमर्जी से कर्मियों को फिल्ड में भेजा जा रहा है। मनमर्जी से आफिस में रखा जा रहा है। जिसके कारण फिल्ड स्टाफ को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अगर फिल्ड में स्टाफ ज्यादा होगा तो बिजली आपूर्ति भी सही रहेगी और आमजन भी परेशानी से बचा रहेगा। उपप्रधान अनिल, सचिव महेश, राजेश, वरूण, कृष्ण जेई, सुशील, शीला, सुनीता, हरिश, पवन आदि मौजूद रहे।




जींद। जागरूकता अभियान चलाए हुए छात्र। फोटो :हरिभूमि

### पार्क में वृक्षारोपण अभियान चलाया

**जींद।** संत शिरोमणि श्री सैन भगत राजकीय महाविद्यालय में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य सत्यवान मलिक की अध्यक्षता तथा उप प्राचार्य रणधीर खटकड़ के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की एनसीसी इकाइयों द्वारा एनसीसी अधिकारी डा. ज्योति लडवाल के निर्देशन में किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर के गोल पार्क में वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। जिसमें एनसीसी कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों द्वारा प्लास्टिक मुक्त वातावरण तथा नशा मुक्ति जागरूकता विषयों पर एक जागरूकता रैली भी निकाली गई।

### छात्राओं ने पर्यावरण बचाओ के संदेश को लेकर निकाली जागरूकता रैली

# हिंदू कन्या कॉलेज में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। पर्यावरण को बचाने की शपथ लेते स्वयंसेविकाएं। फोटो :हरिभूमि

हिंदू कन्या कालेज में विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष में एनएसएस इकाई और इको क्लब के संयुक्त तत्वावधान में विभिन्न पर्यावरण हितैषी गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान शपथ ग्रहण समारोह, पौधारोपण अभियान, पक्षियों के लिए सकोरे लगाने की सेवा और शहर में जागरूकता रैली जैसी महत्वपूर्ण गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रम का शुभारंभ पृथ्वी संरक्षण एवं संवर्धन की सामूहिक शपथ के साथ हुआ। कॉलेज की प्राचार्या डा. पूनम मोर के मार्गदर्शन में छात्राओं और महाविद्यालय स्टाफ सदस्यों ने प्रकृति की रक्षा करने और पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाने का सामूहिक संकल्प लिया। प्राचार्या ने महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण कर हरियाली का संदेश दिया। पक्षियों के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए प्राचार्या द्वारा परिसर में पक्षियों के लिए पानी के बर्तन भी लगाए गए। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी क्रांति और इको क्लब इंचार्ज आरती ने स्वयंसेविकाओं के साथ मिलकर कॉलेज के अलग-अलग हिस्सों में इन सकोरे को स्थापित करने में अपना सहयोग दिया। इसके पश्चात पर्यावरण के प्रति जनजागरूकता फैलाने के उद्देश्य से स्वयंसेविकाओं ने शहर में एक जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान छात्राओं ने पृथ्वी बचाओ, जीवन बचाओ और पेड़ लगाओ, हरियाली लाओ जैसे प्रभावशाली नारों के माध्यम से आमजन को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्व को समझते हुए स्वयंसेविकाओं ने गांधी पार्क सार्वजनिक स्थल पर विशेष पौधारोपण अभियान चलाया। जहां उन्होंने विभिन्न फूलों और फलदार वृक्षों की पौध लगाई। कार्यक्रम के समापन पर प्राचार्या डा. पूनम मोर ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि पौधारोपण, पक्षियों के लिए सकोरे लगाना और जागरूकता रैली जैसी गतिविधियां विद्यार्थियों को जमीन से जोड़ती हैं और उनमें सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करती हैं। उन्होंने कहा कि जब विद्यार्थी अपने हाथों से पौधा लगाते हैं या बेजुबान पक्षियों की सेवा करते हैं तो वे प्रकृति के साथ एक गहरा संबंध महसूस करते हैं। जो किताबी ज्ञान से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है।

# जनकल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

डीसी मोहम्मद इमरान रजा के मार्ग दर्शन में जिला में गत 13 से 23 अप्रैल तक चलाए स्पेशल प्रचार अभियान के अंतर्गत सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार तथा महिलाओं के उत्थान और नारी सशक्तिकरण अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विभागीय तथा पैनल्ड प्रचार पार्टियों द्वारा भजन गीतों के माध्यम से आमजन को जागरूक किया जा रहा है। विभाग द्वारा चलाए स्पेशल प्रचार अभियान के समापन पर जानकारी देते डीआईपीआरओ कृष्ण कुमार सहोत्रा ने बताया कि प्रचार पार्टियों द्वारा आयोजित इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना है। प्रचार पार्टियों अपने लोक गीतों के माध्यम से मुख्यमंत्री परिवार समृद्धि योजना, वृद्धावस्था विधवा विकलांग पेंशन, चिरायु हरियाणा योजना, अंबेडकर छात्रवृत्ति योजना, हरहित स्टोर योजना स्वरोजगार, दयालु योजना, आपकी बेटी, हमारी बेटी योजना, ड्रोन दीदी योजना, लखपति दीदी योजना, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ और महिला सुरक्षा के लिए टोल फ्री नंबरों की जानकारी, मुद्रा योजना और अन्य सब्सिडी वाली ऋण योजनाओं के बारे में जानकारी दी ।

## खबर संक्षेप



### आयुष विभाग ने दी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी

**पूंडरी।** आयुष हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर फतेहपुर द्वारा आंगनवाड़ी केंद्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान गर्भवती महिलाओं, बच्चों एवं उनके परिजनों को पोषण और औषधीय पौधों के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. किरण के मार्गदर्शन में लोगों को तुलसी, एलोवेरा, गिलोय, आंवला जैसे औषधीय पौधों के उपयोग और उनके स्वास्थ्य लाभ बताए गए। इस अवसर पर आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट अंकुश, आंगनवाड़ी वर्कर्स सुदेश, संतोष एवं आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहे और लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया।




### बादाम की पेटी चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** थाना शहर मे ऑटो से बादाम की पेटी चोरी के मामले की जांच सीआईए-1 प्रभारी एसआई जसवंत सिंह की अगुवाई में एचसी पवन कुमार द्वारा करते हुए आरोपी चंदाना रोड कैथल निवासी नरेश को गिरफ्तार कर लिया गया। शक्ति नगर निवासी प्रदीप कुमार की शिकायत वह ऑटो में करियाणा का सामान लोड कर पेहवा लेकर जाता है। 03 अप्रैल को वह न्यू जनता मार्केट में सामान लोड कर रहे थे। 10 किलो बादाम की एक पेटी भी ऑटो में था। वह कुछ न्य सामान लेने गया, तो मौका पाकर अज्ञात चोर उसकी ऑटो से बादाम की पेटी चोरी कर फरार हो गया।

### चेक बाउंस के 2 मामलों में दो अपराधी गिरफ्तार

**कैथल।** पीओ पकडो स्टाफ प्रभारी एस आई ओमप्रकाश की अगुवाई में पुलिस टीम द्वारा चेक बाउंस के अलग अलग 2 मामलो में 2 पीओ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि एएसआई जरनैल द्वारा आरोपी डिफेंस कालोनी कैथल निवासी कृष्ण को गिरफ्तार किया गया। जो चेक बाउंस मामले में अदालत द्वारा 15 अप्रैल 2025 को पीओ घोषित किया गया था। दूसरे मामले में आरोपी राजीव कालोनी कैथल निवासी भारत को वर्ष 2023 दौरान के चैक बाउंस मामले में गिरफ्तार किया गया।

### राजौंद के वार्ड 11 में उपचुनाव 10 मई को

**राजौंद।** नगरपालिका राजौंद के वार्ड नंबर 11 में उपचुनाव की तिथि 10 मई निर्धारित की है। नपा सचिव नरेंद्र शर्मा ने बताया कि वार्ड 11 में होने वाले उपचुनाव को लेकर तैयारियां शुरू कर दी है ताकि चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण,निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराई जा सके। उन्होंने बताया कि संबंधित शिकायतों और समस्याओं के समाधान के लिए उपायुक्त कैथल द्वारा जिला नगर आयुक्त कैथल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।



### सप्तमी पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**पूंडरी।** शुक्ल पक्ष की सप्तमी के पावन अवसर पर माता मनसा देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों का आना-जाना लगा रहा और पूरे दिन श्रद्धालुओं ने माता रानी के चरणों में माथा टेककर सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर में भक्ति और आस्था का वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर विशेष पूजन, आरती और प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने परिवार की खुशहाली और क्षेत्र की उन्नति के लिए माता मनसा देवी से प्रार्थना की। मंदिर को फूलों से सजाया गया था, जिससे वातावरण और भी आध्यात्मिक हो उठा।

बैंकों और मंडी कार्यालयों का चक्कर काटने को मजबूर हैं किसान, बढ़ रहा रोष, अगली फसल प्रभावित होने का खतरा

# खरीद एजेंसियों की लापरवाही से अटका गेहूं का भुगतान

## 9 दिन बाद भी किसानों को नहीं मिली पेमेंट, 72 घंटे में रकम देने के दावे फेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांड

अनाज मंडी ढांड के सोलूमाजरा साइलो के माध्यम से गेहूं खरीद प्रक्रिया शुरू हुए 9 दिन बीत चुके हैं, लेकिन किसानों को अब तक उनकी फसल का भुगतान नहीं मिल पाया है। सरकार द्वारा 72 घंटे में भुगतान सुनिश्चित करने के दावों के विपरीत जमीनी स्तर पर स्थिति बिल्कुल अलग नजर आ रही है, जिससे किसानों में रोष बढ़ता जा रहा है।

जानकारी के अनुसार 13 अप्रैल को जिन किसानों ने अपनी गेहूं फसल वेयरहाउस व हैफेड एजेंसी को बेची थी, उन्हें भी अब तक कोई भुगतान नहीं मिला है। बाकी किसानों की स्थिति भी इसी तरह बनी हुई है। किसान अपनी मेहनत की कमाई के लिए बैंकों और मंडी कार्यालयों के चक्कर काटने को मजबूर हैं, लेकिन न तो कोई स्पष्ट जवाब मिल रहा है और न ही भुगतान की निश्चित समयसीमा बताई जा रही है।

मंडी प्रधान दीपक शर्मा चंदलाना ने सरकार और खरीद एजेंसियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि समयबद्ध भुगतान के दावे केवल कागजों तक सीमित रह गए हैं। उन्होंने बताया कि आढ़तियों द्वारा जे-फार्म और आई-फार्म सहित सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी कर दी गई हैं, लेकिन भुगतान एजेंसियों की ओर से लंबित है। उन्होंने कहा कि भुगतान में हो रही देरी का सीधा असर किसानों की अगली फसल की तैयारियों पर पड़ रहा है, जिससे वे आर्थिक दबाव में आ गए हैं। यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो यह मामला बड़े आंदोलन का रूप ले सकता है।



ढांड। पेमेंट न मिलने पर रोष जताते व्यापारी तथा किसान। फोटो : हरिभूमि

### अधिकारियों पर लगाए गंभीर आरोप

मंडी प्रधान दीपक शर्मा ने आरोप लगाया कि खरीद एजेंसियों के कुछ अधिकारी जानबूझकर भुगतान में देरी कर रहे हैं, जिससे सरकार की छवि खराब हो रही है। उन्होंने कहा कि जब प्रदेश की अन्य मंडियों में भुगतान हो चुका है तो ढांड मंडी को नजरअंदाज क्यों किया जा रहा है। सोलूमाजरा साइलो में सीधे ट्रालियों के माध्यम से गेहूं की खरीद हो रही है, जहां उठान की कोई समस्या नहीं है, फिर भी भुगतान में देरी कई सवाल खड़े करती है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि भुगतान प्रक्रिया को तुरंत प्रभाव से तेज किया जाए और किसानों को उनका बकाया शीघ्र जारी किया जाए। इस दौरान पूर्व मंडी प्रधान नरेश सहारण घराड़सी, मंडी एसोसिएशन महासचिव धर्मपाल चुहड़माजरा, नसीब जडौला, बाबूराम आहूं, राजपाल कौल, बलराज संगरौली व अन्य आढ़ती मौजूद रहे।

### पोर्टल समस्या के कारण देरी : हैफेड

हैफेड डीएम अनुप नैन ने बताया कि भुगतान में देरी पोर्टल में तकनीकी दिक्कत के कारण हो रही है, जिसे जल्द ठीक कर भुगतान कर दिया जाएगा।

### वेयरहाउस अधिकारी बोले, जल्द समाधान

वेयरहाउस डीएम अजय कुमार ने भी पोर्टल में तकनीकी समस्याएं होने की बात स्वीकार करते हुए कहा कि जल्द ही दिक्कत दूर कर किसानों की पेमेंट जारी कर दी जाएगी।

### जिले में हुई 6 लाख 42 हजार 540 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद : अपराजिता

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने बताया कि जिला में विभिन्न एजेंसियों द्वारा वीरवार तक 6 लाख 42 हजार 540 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद गई है। जिले में गेहूं की कुल आवक में से दो लाख पांच हजार 969 मीट्रिक टन गेहूं खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा, दो लाख 78 हजार 103 हैफेड द्वारा तथा एक लाख 58 हजार 468 मीट्रिक टन गेहूं हरियाणा वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन द्वारा खरीदा गया है। उन्होंने बताया कि अगोंध मंडी में 7400 मीट्रिक टन, अरनोली मंडी में 5754 मीट्रिक टन, बाबा लदाना में 18136 मीट्रिक टन, बडसिकरी खुर्द में 10940 मीट्रिक टन, बलबेहड़ा मंडी में 3320 मीट्रिक टन, बालू मंडी में 11876 मीट्रिक टन, बरटा मंडी में 8650 मीट्रिक टन, बाउपुर में 1440 मीट्रिक टन, भागल में 7932 मीट्रिक टन, भुसला में 6265 मीट्रिक टन, चीका मंडी में 39705 मीट्रिक टन, चीका अतिरिक्त मंडी 57314 मीट्रिक टन, डीग मंडी में 3118 मीट्रिक टन, धनोरी में 8885 मीट्रिक टन, फर्श माजरा में 3385 मीट्रिक टन, गोहरा में 7585 मीट्रिक टन, गुहणा में 2024 मीट्रिक टन, हाबड़ी मंडी में 7319 मीट्रिक टन, जाखोली मंडी में 10287 मीट्रिक टन, कैलरम में 6240 मीट्रिक टन, कैथल पुरानी मंडी में 7142 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई।

### मंडी में अव्यवस्था को लेकर उठे सवाल पर डीसी ने लिया कड़ा संज्ञान

**कैथल।** शहर की मंडियों में व्यवस्थाओं को लेकर उठे मुद्दों पर डीसी अपराजिता ने कड़ा संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि मंडी में सभी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। सीजन के दौरान किसी भी किसान या मजदूर को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए निरंतर निगरानी रखी जाए। एक समाचार पत्र में अव्यवस्थाओं संबंधी समाचार प्रकाशित होने पर डीसी ने मार्केट कमेटी सचिव से जवाब मांगा। मार्किट कमेटी सचिव ने स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि किसानों एवं मजदूरों को उपलब्ध करवाई जा रही सभी सुविधाएं सुचारू रूप से संचालित हैं। पुरानी अनाज मंडी में सीजन के दौरान कर्मचारी 24 घंटे ड्यूटी पर तैनात रहते हैं। 22 अप्रैल की रात को भी कर्मचारी मौजूद थे, जिसकी पुष्टि सीसीटीवी फुटेज से की जा सकती है। इसी प्रकार कूड़ा उठान के संबंध में बताया गया कि मंडी शहर के बीच स्थित होने के कारण सीजन में बड़े वाहन अंदर नहीं पहुंच पाते। ऐसे में कचरे को एक स्थान पर एकत्र किया गया है, जिसे उठान कार्य पूरा होते ही हटा दिया जाएगा। संबंधित ठेकेदार को इस बाबत नोटिस जारी कर जवाब भी मांगा गया है। उन्होंने यह भी बताया कि नई अनाज मंडी के बाहर का क्षेत्र नगर परिषद के अधिकार क्षेत्र में आता है, जबकि मंडी परिसर में लगी सभी स्ट्रीट लाइटें सुचारू रूप से कार्य कर रही हैं।

## यूपीएससी में थर्ड रैंक प्राप्त करने वाले एकांश ढुल का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

यूपीएससी 2025 में ऑल इंडिया थर्ड रैंक हासिल करने वाले एकांश ढुल का एडवोकेट पवन ढुल के सेक्टर 20 स्थित निवास पर स्वागत किया गया। सर्वप्रथम एडवोकेट पवन ढुल के बड़े भाई रोहतास ढुल (सेल टैक्स) ने एकांश ढुल के पिता पूर्व चेयरमैन कृष्ण ढुल को चादर ओढा कर सम्मानित किया। उसके बाद पवन ढुल ने स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। एकांश ढुल ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को एजुकेशन पर फोकस रखना चाहिए और अपना टारगेट निर्धारित करके लक्ष्य की प्राप्ति करनी चाहिए। इस अवसर पर महंत राजेंद्र पुरी, ढुल खाप के नेशनल प्रेजीडेंट हरपाल ढुल, महेंद्र ढुल हरसोला, वजीर ढुल रिटायर्ड इंस्पेक्टर, रणधीर ढुल एक्स प्रेजीडेंट जाट शिक्षा समिति, पाई सरपंच प्रतिनिधि नरेश ढुल, डॉक्टर देवेंद्र ढुल, मांगेराम ढुल मौजूद रहे।



कैथल। एकांश ढुल का स्वागत करते हुए एडवोकेट पवन ढुल।

## विद्यार्थियों ने किया यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

आरकेएसडी कॉलेज, कैथल के इकोनॉमिक्स के विद्यार्थियों ने बैंकिंग प्रणाली की व्यावहारिक समझ विकसित करने के उद्देश्य से यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, आरकेएसडी कॉलेज शाखा का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस अवसर पर बैंक के सहायक प्रबंधक दीपक ने विद्यार्थियों को बैंक के दैनिक कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बचत खाता, चालू खाता, ऋण सुविधाएं, सावधि जमा (एफ.डी.) तथा डिजिटल बैंकिंग सेवाओं जैसे महत्वपूर्ण विषयों को सरल एवं प्रभावी ढंग से समझाया। साथ ही उन्होंने बताया कि बैंक देश की आर्थिक प्रगति में किस प्रकार महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जैसे बचत को प्रोत्साहित करना, निवेश को बढ़ावा देना तथा व्यापारिक गतिविधियों को समर्थन प्रदान करना। विद्यार्थियों को बैंकिंग क्षेत्र में करियर के अवसरों के संबंध में भी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। दीपक ने प्रतियोगी परीक्षाओं, आवश्यक योग्यता के बारे में जानकारी साझा की।



कैथल। बैंक का दौरा करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## विद्यार्थियों को दी एआई की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

विश्व रचनात्मकता एवं नवाचार दिवस के उपलक्ष्य में आरकेएसडी. कॉलेज, कैथल के संस्थान नवाचार परिषद द्वारा राष्ट्रीय कैडेट कोर के सहयोग से प्रातःकालीन सेमिनार हॉल में एक भव्य एवं ज्ञानवर्धक शैक्षणिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के समग्र विकास, नवाचार क्षमता एवं तकनीकी जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विस्तार व्याख्यान एवं नवाचार केस स्टडी प्रस्तुति सत्र आयोजित किए गए। कार्यक्रम के प्रथम चरण में विद्यार्थियों के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता उपकरणः अधिगम, उत्पादकता एवं करियर तैयारी को सशक्त बनाना विषय पर विस्तार व्याख्यान आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता पारिक्षित कौशिश, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, व्हाइट बैंगर, कैथल रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को विभिन्न आधुनिक कृत्रिम बुद्धिमत्ता उपकरणों के प्रभावी उपयोग, अध्ययन को सरल एवं उत्पादक बनाने के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस कार्यक्रम का सफल आयोजन डॉ. रचना सरदाना, लेफ्टिनेंट डॉ. ऋतु किंग एवं लेफ्टिनेंट डॉ. रघबीर लांबा के संयुक्त प्रयासों से किया गया।



कैथल। मुख्य वक्ता पारिक्षित कौशिश के साथ आरकेएसडी कालेज के विद्यार्थी।

## लघु फिल्म प्रतियोगिता-2026 में भाग लेने के लिए 30 जून तक करें आवेदन

**कैथल।** राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग द्वारा 12वीं लघु फिल्म प्रतियोगिता-2026 का आयोजन करवाया जा रहा है। यह प्रतियोगिता मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और समाज में संवेदनशीलता विकसित करने का मंच है। इसमें जिले के युवाओं, विद्यार्थियों एवं आम नागरिक लघु फिल्में 30 जून 2026 तक गूगल ड्राइव पर भेज सकते हैं। डीसी अपराजिता ने बताया कि देश का कोई भी नागरिक, किसी भी आयु वर्ग का प्रतिभागी प्रतियोगिता में भाग ले सकता है। फिल्म हिंदी, अंग्रेजी या किसी भी भारतीय भाषा में बनाई जा सकती है, जबकि गैर-अंग्रेजी फिल्मों के लिए अंग्रेजी सब-टाइटल अनिवार्य होंगे। फिल्म की अवधि न्यूनतम 3 मिनट और अधिकतम 10 मिनट निर्धारित की गई है। बताया कि प्रतियोगिता में विजेताओं के लिए नकद पुरस्कार, ट्रॉफी और प्रमाण पत्र निर्धारित किए गए हैं। प्रथम पुरस्कार के रूप में 2 लाख रुपये, द्वितीय पुरस्कार 1 लाख 50 हजार रुपये तथा तृतीय पुरस्कार 1 लाख रुपये प्रदान किए जाएंगे। इसके अलावा जूरी की सिफारिश पर अधिकतम चार प्रतिभागियों को विशेष उल्लेख के तहत 50-50 हजार रुपये का पुरस्कार भी दिया जा सकता है।

**कवायद** पुण्डरी विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को मिलेगी नई गति

एमएलए बोले, प्रदेश सरकार गांव-गांव विकास पहुंचाने के संकल्प के साथ कर रही कार्य

# विधायक सतपाल ने 2 करोड़ 55 लाख की परियोजनाओं का किया शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

पुण्डरी विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति देते हुए आज विधायक सतपाल जांबा ने लगभग 2 करोड़ 55 लाख की विभिन्न जनहित परियोजनाओं का शिलान्यास कर क्षेत्रवासियों को समर्पित किया। पूरे दिन चले कार्यक्रमों में अनेक गांवों में पहुंचकर विधायक ने आधारभूत सुविधाओं से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों की शुरुआत की।

विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व तथा हरियाणा के माननीय मुख्यमंत्री नायब सैनी जी के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार गांव-गांव तक विकास पहुंचाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। इसी कड़ी में पुण्डरी विधानसभा क्षेत्र में निरंतर विकास कार्य करवाए जा रहे हैं।आज के कार्यक्रमों के दौरान गांव भाणा में 15 लाख की लागत से हाल निर्माण कार्य, बरसाना में 1 करोड़ रुपए की लागत से आरसीसी पाइपलाइन एवं चौपाल निर्माण कार्य, सिरसल-बदनारा रोड पर 90 लाख की आरसीसी पाइपलाइन, फतेहपुर में 19.97 लाख की लागत से दो चौपाल निर्माण कार्य तथा गांव टीक में 31 लाख की लागत से सरकारी पशु चिकित्सालय भवन का शिलान्यास किया गया।

- बरसाना में एक करोड़ की लागत से कराया जाएगा आरसीसी पाइपलाइन एवं चौपाल का निर्माण



पूंडरी। परियोजनाओं का शिलान्यास करते विधायक सतपाल जाम्बा। फोटो : हरिभूमि

## न्यूज डायरी



कैथल। हरियाणवी वेशभूषा में सजीं छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### राजकीय स्कूल में लोक नृत्य से मोहा मन

**कैथल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ग्योंग में लोक नृत्य या रोल प्ले का आयोजन किया गया। इसमें अलग-अलग स्कूलों ने अपनी प्रस्तुति से सबका दिल जीत लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता फिजिकल एजुकेशन लेक्चरर अनूप धीमान के दवारा किया गया। प्रधानाचार्य रामनिवास कौशिक ने सभी को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। अंत में परिणाम कुछ इस तरह दिख रहे हैं लोक नृत्य राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ग्योंग प्रथम राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कथवाड़ द्वितीय, रोल प्ले राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कथवाड़ प्रथम, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ग्योंग द्वितीय इस मौके पर कमलेश रानी, मीना शर्मा, मोहन लाल, सिल्की रानी, डिंपल रानी आशा रानी अनिल कुमार रणदीप सिंह, श्रुति गुप्ता, ओम प्रकाश, संजीव कुमार, चांद सिंह, पूनम, रेणु बाला आदि उपस्थित रहे।



राजौंद। सीएचसी में आयोजित बैठक में भाग लेते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजौंद में कर्मचारियों की बैठक

**राजौंद।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डॉ. संदीप ने की। बैठक में डॉ. संदीप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि सरकार द्वारा 14 से 15 वर्ष की किशोरियों को कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी वैक्सीनेशन लगाया जा रहा है, जो पूरी तरह सुरक्षित और निशुल्क है। उन्होंने सभी स्वास्थ्य कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में इस आयु वर्ग की सभी लड़कियों का टीकाकरण सुनिश्चित करें। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों से भी अपील की गई कि वे इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम भी चलाया जा रहा है। इसके तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 'ट्रूनैट' मशीन स्थापित की गई है, जिसके माध्यम से टीबी की सटीक और त्वरित जांच की जाती है।



पूंडरी। ब्राह्मण सभा प्रधान विजय शर्मा को सम्मानित करते समाज के लोग।

### ब्राह्मण समाज की बैठक, परशुराम जन्मोत्सव का दिया निमंत्रण

**पूंडरी।** पूंडरी की चीमा कॉलोनी में ब्राह्मण समाज के कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। इसमें सर्व ब्राह्मण सभा कैथल के जिला अध्यक्ष विजय शर्मा उर्फ विक्की पहुंचे। उन्होंने लोगों को 26 अप्रैल को कैथल स्थित ब्राह्मण धर्मशाला में भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम का निमंत्रण दिया। विजय शर्मा ने बताया कि इस भव्य कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली और कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इसके अलावा सांसद नवीन जिंदल, सांसद रेखा शर्मा और सांसद कार्तिकेय शर्मा सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति भी कार्यक्रम में पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि जन्मोत्सव के अवसर पर शोभायात्रा निकाली जाएगी तथा विधि-विधान से हवन यज्ञ का आयोजन होगा। साथ ही श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की व्यवस्था भी की जाएगी।



कैथल। विशेष योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते पदाधिकारी।

### सुपरवाइजरों के लिए योग प्रशिक्षण शिविर

**कैथल।** पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा श्री सनातन धर्म मंदिर कैथल में सुपरवाइजरों के लिए एक विशेष योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. शकुंतला दहिया के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसमें योग के माध्यम से स्वस्थ जीवन शैली अपनाने पर जोर दिया गया। शिविर की अध्यक्षता आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. रमेश कुमार ने की। इस दौरान आयुष योग सहायक संजू आर्य और कनिका ने प्रतिभागियों को योग प्रोटोकॉल का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण शिविर में सुपरवाइजरों को सूर्य नमस्कार, सूक्ष्म व्यायाम, प्राणायाम और ध्यान जैसी विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास कराया गया। साथ ही इन क्रियाओं के वैज्ञानिक महत्व और स्वास्थ्य लाभों की विस्तृत जानकारी भी दी गई।



कैथल। डीसी प्रीति ने समाधान शिविर में लोगों की शिकायत सुनीं।

### समाधान शिविर में सख्त दिखीं डीसी

**कैथल।** वीरवार को लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में आमजन की शिकायतों की सुनवाई के दौरान डीसी अपराजिता ने सख्त नजर आई। शिविर में देरी से पहुंचने पर डीसी ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि वे समाधान शिविर में समय पर पहुंचे ताकि लोगों की समस्याओं का समाधान किया जा सके। उन्होंने कुछ जन शिकायतों के निवारण में हो रही देरी पर सख्त संज्ञान लिया और कहा कि लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीसी ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि प्रत्येक फरियादी की समस्या को गंभीरता से सुना जाए और तय समय सीमा के भीतर उसका प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए। यदि भविष्य में देरी से समाधान शिविर में पहुंचे तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### पूंडरी क्षेत्र में गोसेवा को मिला बढ़ावा

**पूंडरी।** पूंडरी विधानसभा क्षेत्र में गौसेवा को समर्पित एक महत्वपूर्ण पहल के तहत ग्राम फरल गौशाला में 45 लाख से अधिक की राशि के चेक वितरित किए गए। विधायक सतपाल जाम्बा ने गौशालाओं को आर्थिक सहायता प्रदान कर गौसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इस दौरान पाई, ढांड, करोड़ा, टयोंठा और फरल की कुल पांच गौशालाओं को चेक वितरित किए गए, जिससे गौशालाओं के संचालन, पशुओं के चारे-पानी और अन्य व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने में सहायता मिलेगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गौभक्त, ग्रामीण एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे गौसेवा की दिशा में एक सराहनीय कदम बताया। विधायक सतपाल जाम्बा ने कहा कि "गौसेवा महा सेवा है। हमारी संस्कृति में गैमाता का विशेष स्थान है और उनकी सेवा करना हम सभी का कर्तव्य है।

## खबर संक्षेप

### ट्रक की चपेट में आने से एक बुजुर्ग की मौत

**कैथल।** कस्बा चीका में ट्रक की चपेट में आने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक की पहचान चीका के 61 वर्षीय गुरबचन सिंह के रूप में हुई है। हादसा पिहोवा रोड पर हुआ। गुरबचन सिंह चीका पिहोवा रोड पर सुबह करीब 10 बजे पैदल जा रहा था। पीछे चीका की ओर से आ रहे एक ट्रक ने तेजगति व लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसको टक्कर मार दी। उसके बाद ट्रक ड्राइवर अपने वाहन सहित मौके से भाग गया।

### पंचायत उप-चुनाव : जिले में 10 मई को मतदान

**कैथल।** राज्य निर्वाचन आयोग हरियाणा द्वारा घोषित कार्यक्रम के तहत जिले में पंचायती राज संस्थाओं के 10 मई को उप-चुनाव होने हैं। जिसकी पालना में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी अपराजिता द्वारा हरियाणा पंचायती राज नियमावली 1994 के नियम 20 के तहत राजौंद में 3, कैथल में 8, गुहला में 2, सीवन में 8, ढांड में 8, पूंडरी में 2 तथा कलायत में 8 बूथों प्रकाशन कर दिया गया है।

### प्लॉट खरीद-फरोख्त के नाम पर छह लाख ठगे

**कैथल।** चीका क्षेत्र में प्लॉट खरीद-फरोख्त के नाम पर छह लाख रुपये धोखाधड़ी से ठगने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में चीका के शंकर गर्ग ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपनी पत्नी रिम्पी के नाम अमर सिटी चीका में 5 मरले का प्लॉट खरीदना चाहता था। इस संबंध में उसकी बातचीत विजय कुमार से हुई, जिसने भरोसा दिलाया कि वह उचित दाम पर प्लॉट दिलवा देगा। विजय कुमार ने परमिन्द्र कौर नामक महिला का प्लॉट दिखाया और सौदा तय कराया।

### पंचायती राज व्यवस्था लोकतंत्र की नींव : रवि

**पूंडरी।** 24 अप्रैल को पूरे देश में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया जाएगा। लवली ज्वैलर्स के प्रबंध निदेशक रवि वर्मा ने ग्रामीण विकास और स्थानीय स्वशासन को मजबूत करने के लिए जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था भारत के लोकतंत्र की नींव है, जो गांव स्तर पर लोगों को निर्णय लेने का अधिकार देती है। आज भी कई ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को अपने अधिकारों की जानकारी नहीं है।

## पौने दो साल से खराब चल रहा प्लांट

# पीएसए ऑक्सीजन प्लांट को मिला बूस्टर नहीं हुआ इंस्टॉल

**वर्ष 2021 में स्थापित हुआ था पीएसए ऑक्सीजन प्लांट**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। नागरिक अस्पताल में नई बिल्डिंग के पास बना ऑक्सीजन प्लांट, जिस पर ताले लगे हैं। फोटो : हरिभूमि

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में नई बिल्डिंग के पास स्थापित किए गए पिछले पौने दो साल से खराब पीएसए ऑक्सीजन प्लांट के लिए बूस्टर मिल चुका है। अभी तक इस बूस्टर को प्लांट में इंस्टॉल नही किया गया है। जिसके चलते ऑक्सीजन प्लांट शुरू नही हो पा रहा है। इस बूस्टर से प्लांट में बनने वाली ऑक्सीजन बूस्ट होगी और इसे पहले से ज्यादा प्रैशर से ऑक्सीजन प्वायंटों तक भेजा जा सकेगा। उम्मीद है कि जल्द ही ऑक्सीजन प्लांट में बूस्टर लगेगा और अस्पताल की ऑक्सीजन सिलेंडरों पर से निर्भरता कम होगी।

### प्लांट को फिर से चलाने के लिए एक माह पहले बूस्टर आया

कोरोना की लहर थी तब ऑक्सीजन की बहुत ज्यादा आवश्यकता महसूस हुई थी। अस्पताल में वर्ष 2021 में प्रधानमंत्री केयर फंड से ऑक्सीजन प्लांट लगाया गया था। कुछ समय तक प्लांट ने ठीक से काम किया लेकिन पिछले पौन दो साल से यह खराब है। इस ऑक्सीजन प्लांट को फिर से सुचारू रूप से चलाने के लिए एक माह पहले बूस्टर आया था। जिससे ऑक्सीजन प्लांट की रनिंग क्षमता बढऩी थी। स्वास्थ्य विभाग को भी उम्मीद जगी थी कि पहले इस पीएसए ऑक्सीजन प्लांट से वेंटिलेटर नही चलाया जा सकता था। बूस्टर लगने के बाद इस प्लांट से वेंटिलेटर भी चलाया जा सकेगा। हालांकि एयर रोक्स कंपनी के इंजीनियरों ने प्लांट का निरीक्षण कर लिया है।
बस बूस्टर लगने की प्रक्रिया शुरू करने का इंतजार है।

### इमरजेंसी व बेड पर होती है सप्लाई

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल 200 बेड का है। 200 बेड की व्यवस्था नई बिल्डिंग में है लेकिन स्वास्थ्य विभाग ने आपातकाल के लिए पुरानी बिल्डिंग में भी 100 बेड की व्यवस्था की गई है। पुरानी बिल्डिंग में सामान्य रोगियों को दाखिल करने की सुविधा है। पुरानी बिल्डिंग में ही इमरजेंसी, आइसीयू वार्ड है। इमरजेंसी वार्ड व अन्य पुरानी बिल्डिंग में पीएसए ऑक्सीजन प्लांट से ऑक्सीजन की सप्लाई होती है। जब यह ऑक्सीजन प्लांट खराब होता है तो सिलिंडरों के माध्यम से ऑक्सीजन की सप्लाई दी जाती है। यहां लगा ऑक्सीजन प्लांट लगभग पौने दो साल से खराब है। जिसके चलते सिलेंडरों से काम चलाया जा रहा है। ऐसे में इमरजेंसी वार्ड में भी ऑक्सीजन सिलिंडरों से काम चलाया जा रहा है।

### प्लांट में लगेगा बूस्टर : डा. भोला

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि पीएसए ऑक्सीजन प्लांट बूस्टर लगाए जाने की योजना है। इंजीनियरों ने प्लांट को देखा है। उम्मीद है कि जल्द ही यहां बूस्टर लग जाएगा। बूस्टर लगने के बाद पीएसए ऑक्सीजन प्लांट में बनने वाली ऑक्सीजन का प्रैशर बढ जाएगा। प्लांट शुरू होने से अस्पताल को फायदा होगा।

### क्षमता एक हजार लीटर ऑक्सीजन प्रति मिनट

ऑक्सीजन प्लांट की क्षमता एक हजार लीटर ऑक्सीजन प्रति मिनट है। इतनी अधिक मात्रा में ऑक्सीजन से 300 बेड का अस्पताल चलाया जा सकता है लेकिन स्वास्थ्य विभाग ने इस ऑक्सीजन प्लांट से पुरानी बिल्डिंग को ही जोड़ा है। यदि पूरे अस्पताल को इससे जोड़ा जाएगा तो यह भरोसे के लायक नहीं है। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग ऑक्सीजन सिलिंडरों का बैकअप पूरा रखता है। जिसे लेने के लिए अस्पताल को खर्च भी अधिक करना पड़ता है। फिलहाल ऑक्सीजन प्लांट बंद है। ऐसे में अगर फिर से कोरोना जैसी कोई बीमारी आती है तो ऑक्सीजन के लिए अस्पताल फिर से गैस सिलेंडरों पर ही निर्भर होगा।

# भाजपा ने कांग्रेस को गालियां देने के लिए बुलाया है विशेष सत्र : सुरजेवाला

- कहा : इस सत्र में गेहूं खरीद, समाधान को लेकर चर्चा पूरे दिन होनी चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना



उचाना। पत्रकारों से बातचीत करते हुए कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सदस्य रणदीप सुरजेवाला।

कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सदस्य रणदीप सुरजेवाला अनाज मंडी पहुंचे। यहां पर किसानों, आढ़तियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को जाना। वे कांग्रेस नेता मनोज नचार के प्रतिष्ठान पर भी पहुंचे। सुरजेवाला ने कहा कि पूरे हरियाणा की मंडियों में जा रहे है। सच्चाई ये है कि खेती, किसानी के लिए भाजपा सरकार परेशानी बन चुकी है। भाजपा गेहूं, सरसों की खरीद में जो गड़बड़, अड़चन पैदा की गई है उसको लेकर जो 27 तारीख का विधानसभा सत्र है पूरे दिन खरीद प्रक्रिया, भविष्य में किए जाने वाले समाधान को लेकर चर्चा हो।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर ईश्वर नैन, सुरजीत अलेवा, संदीप हैबतपुर, रामनिवास दनौदा, कपिल, राममेहर पार्षद, विकास घंघाल, रामपाल झील, रणपाल श्योकंद, सुशील रेढ़ू, राजेश संदलाना, जितेंद्र श्योकंद, संजय दिल्ली, सुंदरपाल काकड़ोद, बिजेंद्र घोघड़िया, राजेश श्योकंद, दीपू काकड़ोद, भूप, महावीर उपचेयरमैन, धर्मबीर सरपंच, दीपक पार्षद, कुलबीर चहल, संदीप चौधरी, भूप खटकड़, शमशेर बुडायन, शीला जैन, राजेंद्र, ईश्वर, जसबीर अलेवा मौजूद रहे।

# विधायक सतपाल जांबा से मिले दमकल विभाग के कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



**कैथल।** विधायक सतपाल जांबा को ज्ञापन सौपते दमकल कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

- कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार का लगाया आरोप

अपनी मांगों को लेकर हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन की हड़ताल वीरवार को भी जारी रही। हड़ताली कर्मचारियों ने शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगों का ज्ञापन सौपने के लिए भाजपा विधायक सतपाल जाम्बा के पास पहुंचे, तो विधायक द्वारा कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार किया गया और उन्हें "देख लेने" जैसी धमकियां दी गई। इतना ही नहीं, इस पूरे घटनाक्रम में विधायक का व्यवहार केवल जीवित कर्मचारियों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह फरीदाबाद के शहीद दमकल कर्मचारियों के सम्मान के भी खिलाफ गया। इसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। इस घटना से पूरे प्रदेश के दमकल कर्मचारियों में भारी रोष और आक्रोश व्याप्त है। राज्य प्रधान राजेंद्र सीनन्द, शमशेर सिंह, जयप्रकाश टीक, मनोज कुमार, सुल्तान सिंह, सर्व कर्मचारी संघ से जरनैल सिंह, कपिल सिरोही, जिला प्रधान ओमपाल भाल, सचिव शिवचरण, छज्जू राम, रामपाल शर्मा, जिला प्रधान रामफल दयोहरा व जिला सचिव अमरनाथ किठानिया ने इस गैर-जिम्मेदाराना और अमर्यादित आचरण की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि एक जनप्रतिनिधि से इस प्रकार के व्यवहार की अपेक्षा नहीं की जाती, बल्कि उनका दायित्व होता है कि वे कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनें।

# एचपीवी वैक्सीन लगवाने के लिए अभिभावकों को करें प्रेरित : डीसी

- चिकित्सक स्वास्थ्य केंद्रों में आने वाले लोगों को करें जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल




**कैथल।** डीसी अपराजिता अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए।

डीसी अपराजिता ने कहा कि एचपीवी वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर को रोकने में अहम भूमिका निभाता है। भारत सरकार द्वारा टीकाकरण अभियान शुरू किया गया है। जिसमें चौदह साल की उम्र पूरी कर चुकी और पंद्रह साल की उम्र पूरी होने से पहले यह टीका लगाया जाना जरूरी है, ताकि भविष्य में उसे सर्वाइकल कैंसर न हो।

डीसी अपराजिता वीसी रूम में स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दे रहीं थीं। इससे पूर्व हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने टीकाकरण अभियान की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। डीसी अपराजिता ने कहा कि जिले भर में एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान सफलतापूर्वक पूरा किया जाए। इस वैक्सीन को लेकर अभिभावकों में जो भी आशंकाएं हैं, उन्हें दूर किया जाए। पंचायतों में विशेष अभियान चलाएं। सभी अध्यापक अपने-अपने स्तर पर महिलाओं को इस संबंध में जागरूक करें। अभियान की सफलता के लिए सामाजिक भागीदारी बहुत जरूरी है।

### कैथल में प्राकृतिक खेती प्रशिक्षण एवं अनुसंधान केंद्र की स्थापना करने की मांग



प्राकृतिक खेती केंद्र की स्थापना हेतु राज्यपाल आचार्य देवव्रत को ज्ञापन सौंपते सुरेंद्र दुल।

**कैथल।** सर छोटू राम विचार मंच, कैथल के जिला अध्यक्ष एवं दीनबंधु फाउंडेशन के अध्यक्ष सुरेंद्र दुल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने गुजरात के माननीय राज्यपाल आचार्य देवव्रत जी से भेंट कर जिले में 'प्राकृतिक खेती प्रशिक्षण एवं अनुसंधान केंद्र' स्थापित करने हेतु ज्ञापन सौपा।

सुरेंद्र दुल ने बताया कि दोनों संगठन 2017 से आचार्य देवव्रत के मार्गदर्शन में प्राकृतिक खेती के प्रचार-प्रसार हेतु कार्य कर रहे हैं। पिछले 10 वर्षों में कैथल, बालू, रोहेरा, राजौंद, सीवन, सेरधा आदि गांवों में किसानों व कृषि मजदूरों के कल्याण हेतु अनेक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। कैथल धान बाहुल्य क्षेत्र है जहां भूजल स्तर तेजी से गिर रहा है। प्राकृतिक खेती से 30-40 प्रतिशत पानी की बचत होती है। केंद्र के माध्यम से किसानों को व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। ग्रामीण युवाओं को कृषि आधारित उद्यमिता से जोड़ने हेतु करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम चलाए जाएंगे। नशा मुक्ति व बालिका शिक्षा: केंद्र द्वारा अपराध व नशा मुक्त समाज तथा विशेष बालिका शिक्षा हेतु अभियान चलाए जाएंगे।

## न्यूज डायरी

### नवीन जिंदल फाउंडेशन ने ग्रामीणों को मुफ्त दवाइयों के साथ दी स्वास्थ्य संबंधी सलाह



**ढांड।** ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ कराने की दिशा में एक पहल के तहत सांसद नवीन जिंदल फाउंडेशन की मेडिकल वैन गुरुवार को गांव पबनावा पहुंची। इस दौरान चिकित्सा टीम ने 67 ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें निशुल्क दवाइयां वितरित कीं, जबकि 8 लोगों के आवश्यक लैब टेस्ट भी मुफ्त किए गए। चिकित्सा शिविर में डॉ. बलिंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम ने मरीजों की जांच की और उन्हें आवश्यक परामर्श दिया। इस अवसर पर सांसद कार्यालय प्रभारी रविंद्र धीमान ने बताया कि फाउंडेशन का उद्देश्य गांवों में स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाना और आमजन को महंगी चिकित्सा से राहत प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि इस तरह की मोबाइल मेडिकल सेवाओं से विशेष रूप से महिलाएं और बुजुर्ग लाभान्वित हो रहे हैं, जिन्हें अब इलाज के लिए दूर नहीं जाना पड़ता।

### अवैध देशी पिस्तौल सहित आरोपी काबू



**कैथल।** स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट द्वारा पूंडरी क्षेत्र से एक आरोपी को काबू किया गया है। जिसके कब्जे से अवैध देशी पिस्टल बरामद हुई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट की टीम गश्त व अपराध रोकथाम के उद्देश्य से पूंडरी से ढांड रोड पर मौजूद थी। पुलिस टीम को एक गुप्त सूचना मिली कि एक युवक अवैध असला लेकर पूंडरी की तरफ से पैदल पैदल नहर पुल से फरल की तरफ जाएगा। जिसे अवैध असले सहित काबू किया जा सकता है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर छुपकर निगरानी शुरू कर दी। कुछ ही देर बाद बताए गए हुलिये के अनुसार एक युवक वहां आता दिखाई दिया। पुलिस को देखकर युवक भागने लगा, लेकिन टीम ने तत्परता दिखाते हुए उसे काबू कर लिया। पकड़े गए युवक की पहचान सेठान मोहल्ला, पुण्डरी निवासी भविष्य उर्फ मान के रूप में हुई। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक देशी पिस्टल बरामद हुई।

### सबमर्सिबल तार चोरी मामले में आरोपी काबू




**कैथल।** एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टॉफ द्वारा सबमर्सिबल तार चोरी मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 13-14 मार्च की रात को गांव नौच निवासी प्रेमचंद के खेत से अज्ञात चोरों द्वारा सबमर्सिबल बोर की करीब 26 फुट डोरी काटकर चोरी कर ली गई थी। अन्य किसानों कर्म सिंह, रामकुमार व सुखदेव सिंह के खेतों से भी सबमर्सिबल बोर की तार चोरी होने की घटनाएं सामने आई थी। जिस बारे थाना सदर मे मामला दर्ज किया गया था। मामले की जांच एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टॉफ प्रभारी एसआई मुकेश कुमार की अगुवाई मे एएसआई ईशम सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी गांव मानस निवासी गुरदीप को काबू कर लिया गया। आरोपी द्वारा गांव मानस, छौत, गुहणा से खेतों से तार चोरी की वारदात कबुल की है। आरोपी के कब्जे से करीब 8.5 किलो तांबा तार बरामद की गई है।



**राजौंद।** एनसीसी चयन प्रक्रिया के दौरान मेडिकल जांच व फिजिकल टेस्ट में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### आदर्श स्कूल जाखौली में एनसीसी चयन प्रक्रिया संपन्न, 50 विद्यार्थी बने कैडेट

**राजौंद।** जाखौली गांव स्थित आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत के साथ ही एनसीसी चयन प्रक्रिया उत्साहपूर्वक संपन्न हुई। इस प्रक्रिया में कुल 50 विद्यार्थियों का चयन कर उन्हें एनसीसी कैडेट के रूप में शामिल किया गया। चयन को लेकर विद्यार्थियों में विशेष उत्साह और जोश देखने को मिला। चयनित कैडेट्स के लिए विद्यालय परिसर में विशेष मेडिकल चेकअप एवं फिजिकल फिटनेस परीक्षण का आयोजन किया गया। इस दौरान कैप्टन नरेंद्र सिंह और हवलदार देवेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा उन्हें शारीरिक रूप से सशक्त और अनुशासित बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि एनसीसी केवल एक गतिविधि नहीं, बल्कि जीवन में सफलता का मजबूत आधार है, जो युवाओं में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और राष्ट्र सेवा की भावना विकसित करता है। कार्यक्रम का निरीक्षण सीटीओ करम सिंह द्वारा किया गया।

# एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान में तेजी लाएं अधिकारी : डीसी

- विशेष रूपरेखा बनाकर करें लोगों को जागरूक करें : मोहम्मद इमरान रजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



**जींद।** एचपीवी वैक्सीन को लेकर बैठक में दिशा-निर्देश देते हुए डीसी। फोटो : हरिभूमि

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे ह्यूमन पैपिलोमा वायरस टीकाकरण (एचपीवी) अभियान में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी तेजी लाएं। आमजन को जागरूक करने हेतू विशेष रूपरेखा तैयार की जाए।

स्कूलों में पीटीएम आयोजित कर अभिभावकों को वैक्सीन के महत्व के बारे में जागरूक किया जाए। साथ ही 14 वर्ष की किशोरियों के टीकाकरण के लिए अभिभावकों से लिखित सहमति लेना सुनिश्चित करें। वे एचपीवी टीकाकरण अभियान की प्रगति को लेकर संबंधित अधिकारियों की बैठक ले रहे थे। यह टीका बेटियों को भविष्य में कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाने में अहम भूमिका निभाएगा। इसलिए स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा विभाग सहित अन्य संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करेंए ताकि कोई भी पात्र लाभार्थी छूट न जाए।

### 5 किलो 250 ग्राम गांजा किया काबू

**कैथल।** सीआईए-1 द्वारा चीका क्षेत्र से एक आरोपी को काबू कर लिया गया। जिसके कब्जे से 5 किलो 250 ग्राम गांजा फूल-पत्ती बरामद हुई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की सीआईए-1 प्रभारी एसआई जसवंत सिंह की अगुवाई में एएसआई कमलजीत सिंह की टीम गश्त व मादक पदार्थों की तलाश के सिलसिले में गांव भागल बस अड्डा क्षेत्र पर मौजूद थे। इसी दौरान एक गुप्त सूचना मिली कि हरिचंद नामक व्यक्ति राजस्थान से आकर गुहला-चीका क्षेत्र में गांजा तस्करी का धंधा करता है और इस समय राधा स्वामी सत्संग व्यास, भागल के पास नशीला पदार्थ लेकर ग्राहक का इंतजार कर रहा है। जिसे दबिश देकर काबू किया जा सकता है। पुलिस टीम द्वारा सत्संग भवन के पास दबिश दी गई। मौके पर एक युवक संदिग्ध अवस्था में पिट्ठू बैग के साथ खड़ा दिखाई दिया, जो पुलिस को देखकर भागने लगा, लेकिन टीम ने तत्परता दिखाते हुए उसे काबू कर लिया।

### साइबर ठगों ने बीमा किस्त जमा करवाने के नाम पर युवक से 90 हजार रुपये ठगे

**कैथल।** साइबर पुलिस कैथल ने बीमा किस्त जमा करवाने के नाम पर एक युवक से 90 हजार रुपये ठगने का मामला दर्ज किया है। साइबर थाना पुलिस को दी शिकायत में अर्जुन नगर कैथल के रोहताश ने बताया कि वह गाड़ी चलाता है। उसने अप्रैल 2025 में एक बीमा पॉलिसी ली थी, जिसकी सालाना किस्त एक लाख रुपये थी। पहली किस्त अप्रैल 2025 में उनके बैंक खाते से कट चुकी थी, जबकि दूसरी किस्त अप्रैल 2026 में कटनी थी। जब अप्रैल 2026 में किस्त स्वयं नहीं कटी, तो उन्होंने अपने बैंक खाते का बैलेंस चेक करने के लिए टोल-फ्री नंबर पर कॉल किया। इसके बाद उन्हें एक अज्ञात नंबर से कॉल आई, जिसमें व्यक्ति ने खुद को बीमा कंपनी का प्रतिनिधि बताते हुए कहा कि किस्त जमा नहीं हो पा रही है।

**हरिभूमि**

**आवश्यक सूचना**

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

## पीएचसी नगूरां में एचपीवी वैक्सीन को लेकर चलाया जागरूकता कार्यक्रम

# भ्रांतियों पर ध्यान न दें, अपनी बेटियों का कराएं टीकाकरण

**एचपीवी वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित और प्रभावी**

सूरज सहारण ▶▶| जींद




**जींद।** नगूरां पीएचसी पर ग्रामीणों, कर्मचारियों तथा आशा वर्करों को जागरूक करती डा. दीक्षा तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढाठरथ में स्कूल स्टाफ से विचार-विमर्श करते डा. जितेंद्र शर्मा। फोटो : हरिभूमि

नगूरां गांव के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर एचपीवी वैक्सीन को लेकर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगूरां पीएचसी प्रभारी डा. दीक्षा यादव ने की। इस दौरान मेडिकल आफिसर ने आशा वर्करों, ग्रामीणों तथा स्वास्थ्य कर्मचारियों को महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर के खतरों और उससे बचाव के प्रति जागरूक किया। डा. दीक्षा ने बताया कि ह्यूमन पैपिलोमा वायरस संक्रमण के कारण होने वाला गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर महिलाओं के लिए घातक सिद्ध हो सकता है। एचपीवी वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित और प्रभावी है। सरकार की ओर से 14 वर्ष की बालिकाओं के लिए यह वैक्सीन सरकारी अस्पतालों में निशुल्क उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे समाज में फैली भ्रांतियों पर ध्यान न दें और अपनी बेटियों के सुरक्षित भविष्य के लिए समय पर टीकाकरण अवश्य करवाएं। अभी तक नगूरां पीएचसी के अधीन दालमवाला, दिल्लूवाला तथा अलेवा सीएचसी में 13 लोगों को वैक्सीन लगाई जा चुकी हैं, जो इस अभियान की सकारात्मक शुरुआत को दर्शाता है। इस पूरे अभियान में सिविल सर्जन जींद का विशेष सहयोग एवं मार्गदर्शन रहा, जिसके चलते यह कार्यक्रम सुचारू रूप से संचालित हुआ। डा. दीक्षा ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा यह प्रयास आगे भी निरंतर जारी रहेगा, ताकि अधिक से अधिक लोग एचपीवी वैक्सीन का लाभ उठाकर एक स्वस्थ और सुरक्षित जीवन की ओर कदम बढ़ा सकें।

### ढाठरथ स्कूल में चलाया जागरूकता अभियान

ढाठरथ गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एचपीवी वैक्सीन को लेकर अलेवा सीएचसी प्रभारी डा. जितेंद्र शर्मा ने जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान स्कूल स्टाफ तथा छात्राओं के साथ वैक्सीन को लेकर विस्तार से चर्चा की। डा. जितेंद्र ने स्कूली छात्राओं को जागरूक करते हुए कहा कि ह्यूमन पैपिलोमा वायरस एक सामान्य संक्रमण है, जो महिलाओं के प्रजनन तंत्र को प्रभावित करता है और यही सर्वाइकल कैं सर का मुख्य कारण है। एचपीवी टीका इस संक्रमण से बचाव करता है और भविष्य में सर्वाइकल कैंसर होने के खतरे को काफी कम करता है।